अस्पताल को पांच कंसंट्रेटर भेंट किए

गाजियाबाद। आरंभ एक पहल संस्था की ओर से स्वास्थ्य विभाग को पांच ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए गए। रविवार को जिला एमएमजी अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक सुनिल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आरंभ एक पहल की चेयरपर्सन पल्लवी शर्मा ने बताया कि अप्रैल और मई माह में कोरोना संक्रमितों को ऑक्सीजन की काफी परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुए संस्था की ओर से ऑक्सीजन समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को संस्था की ओर से पांच ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।